# NAPLAN ऑनलाइन - माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

2020

## 2020 में आपका बच्चा/बच्ची NAPLAN परीक्षाएँ ऑनलाइन देगा/देगी

संघीय, राजकीय और राज्य-क्षेत्रीय शिक्षा मंत्रियों ने इस बात के लिए सहमति दी है कि सभी स्कूल विद्यार्थियों की संलग्नता बढ़ाने के लिए बेहतर तथा अधिक यथार्थ आकलन प्रदान करने के उद्देश्य से वर्तमान में पेपर-आधारित NAPLAN परीक्षाओं से धीरे-धीरे NAPLAN ऑनलाइन में संक्रमण करेंगे।

राजकीय और राज्य-क्षेत्रीय शिक्षा प्राधिकारी यह निर्धारित करेंगे कि उनके स्कूल ऑनलाइन प्रारूप में संक्रमण कब करेंगे। वर्तमान योजना 2021 तक सभी स्कूलों को NAPLAN ऑनलाइन में संक्रमित करने की है।

NAPLAN ऑनलाइन के प्रमुख लाभों में से एक लाभ अनुरूपित [या अनुकूलित (adaptive)] परीक्षा है, जिसमें विद्यार्थी की उपलब्धि के अनुसार अधिक या कम जटिलता के प्रश्न प्रस्तुत किए जाते हैं।

अनुरूपित (या अनुकूलित) परीक्षा को विद्यार्थियों की अनेक प्रकार की क्षमताओं का आकलन करने और उनकी उपलब्धियों को और अधिक सटीक रूप से मापने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आपके बच्चे/बच्ची को सामान्य से अधिक चुनौतीपूर्ण प्रश्न पूछे जाने पर चिंतित नहीं होना चाहिए; क्योंकि हो सकता है कि वह और अधिक जटिल परीक्षा के मार्ग पर हो। विद्यार्थी का संपूर्ण NAPLAN स्कोर सही उत्तर दिए गए प्रश्नों की सँख्या और जटिलता पर आधारित होता है।

## विद्यार्थी NAPLAN परीक्षा क्यों देते हैं?

राष्ट्रीय आकलन कार्यक्रम - साक्षरता और आंकिकता [National Assessment Program – Literacy and Numeracy (NAPLAN)] स्कूल और जीवन में प्रगति करने के लिए हरेक बच्चे/बच्ची के लिए आवश्यक साक्षरता और आँकिक कुशलताओं का आकलन करता है।

वर्ष 3, 5, 7 और 9 के विद्यार्थी पठन, लेखन, भाषा-संबंधी प्रथाएँ (वर्तनी, व्याकरण और विराम-चिह्न) और आँकिकता के क्षेत्रों में वार्षिक NAPLAN परीक्षाओं में भाग लेते हैं।

यह आकलन माता-पिता और स्कूलों को परीक्षाओं के समय प्रत्येक विद्यार्थी के प्रदर्शन का स्तर समझने की सुविधा प्रदान करता है। NAPLAN स्कूल की आकलन और रिपोर्टिंग प्रक्रिया का सिर्फ एक ही पहलू है - यह शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थी के प्रदर्शन के लगातार रूप से किए जाने वाले आकलन का स्थान नहीं लेता है।

NAPLAN स्कूलों, शिक्षण प्राधिकारियों और सरकारों को इस बारे में भी जानकारी प्रदान करता है कि शिक्षा कार्यक्रम कैसे काम कर रहे हैं और क्या युवा ऑस्ट्रेलियावासी साक्षरता और आँकिकता में महत्वपूर्ण शैक्षणिक परिणाम प्राप्त कर रहे हैं या नहीं।

## NAPLAN के माध्यम से किन कुशलताओं का आकलन किया जाता है?

NAPLAN के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा स्कूल के अपने नियमित पाठ्यक्रम में सीखी जाने वाली साक्षरता और आँकिक कुशलताओं का आकलन किया जाता है। NAPLAN सामग्री के विकास में सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षा प्राधिकारियों ने योगदान दिया है।

भले ही विद्यार्थी ऑनलाइन या पेपर-आधारित प्रारूप में परीक्षाएँ दें, परंतु उनका आकलन साक्षरता और आँकिकता की एक-समान पाठ्यक्रम सामग्री के आधार पर किया जाता है, इसलिए दोनों प्रारूपों के परिणामों को एक ही NAPLAN आकलन पैमाने पर रिपोर्ट किया जा सकता है। NAPLAN ऑनलाइन के बारे में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट nap.edu.au पर जाएँ।

## मैं अपने बच्चे/अपनी बच्ची को तैयारी करने में सहायता कैसे दे सकता/सकती हूँ?

NAPLAN अपने-आप में ही ऐसी परीक्षा नहीं है जिसके लिए पढ़ाई की जा सके और विद्यार्थियों से ऐसा करने की आशा भी नहीं की जाती है।

अपने बच्चे/अपनी बच्ची की सहायता करने के लिए उसे आश्वासन दें कि NAPLAN उसके स्कूली कार्यक्रम का केवल एक हिस्सा है, और उस दिन उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की याद दिलाएँ।

ACARA NAPLAN के लिए अत्यधिक तैयारी करने या कोचिंग प्रदाताओं की सेवाओं का उपयोग करने का सुझाव नहीं देता है।

विद्यार्थियों के शिक्षण के एक हिस्से के रूप में और ऑस्ट्रेलियाई पाठ्यक्रम (Australian Curriculum) की आवश्यकताओं के अनुसार यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि स्कूल के पहले वर्ष से ही विद्यार्थी उपकरणों के प्रयोग से परिचित हैं, उनपर टाइप कर सकते हैं और प्रोग्रामों का उपयोग कर सकते हैं।

NAPLAN ऑनलाइन कीबोर्ड कुशलताओं का परीक्षा नहीं है। विद्यार्थी कितनी तेजी से और अच्छी तरह से टाइप कर सकते हैं – यह ठीक उसी प्रकार से अलग-अलग होता है जैसे विद्यार्थियों की तेजी से और अच्छी तरह हाथ से लिखने की क्षमता अलग-अलग होती है। वर्ष 3 के विद्यार्थी पेपर-आधारित लेखन परीक्षा देंगे।

शिक्षकगण यह सुनिश्चित करेंगे कि विद्यार्थी परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकारों से परिचित हैं और उन्हें उचित समर्थन और मार्गदर्शन देंगे।

वेबसाइट nap.edu.au/online-assessment/public-demonstration-site पर NAPLAN ऑनलाइन आकलन में पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकार और इससे संबंधित उपलब्ध कार्यप्रणालियाँ देखें।

## NAPLAN में प्रतिभाग

वर्ष 3, 5, 7 और 9 के सभी विद्यार्थियों से वार्षिक NAPLAN आकलन में भाग लेने की आशा की जाती है। विकलाँगता-ग्रस्त विद्यार्थी कक्षाओं में आकलन के लिए सामान्य रूप से प्रदान किए गए समर्थन को प्रदर्शित करने वाले समायोजन के पात्र हो सकते हैं। आपको अपने बच्चे/अपनी बच्ची के/की शिक्षक/शिक्षिका के साथ उसके लिए किसी भी समायोजन का प्रयोग किए जाने के बारे में बात करनी चाहिए।

आकलन में भाग लेने की क्षमता को गंभीर रूप से सीमित करने वाली विकलाँगता से ग्रस्त विद्यार्थी, या हाल ही में ऑस्ट्रेलिया आए गैर-अंग्रेज़ी भाषी पृष्ठभूमि के विद्यार्थी को औपचारिक छूट दी जा सकती है।

आपके स्कूल के प्रधानाचार्य और आपका स्थानीय परीक्षा प्रशासन प्राधिकरण आपको विशेष प्रावधानों या औपचारिक विमुक्ति प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी दे सकते हैं।

## यदि मेरा बच्चा/मेरी बच्ची NAPLAN परीक्षाओं के दिन स्कूल से अनुपस्थित हो, तो क्या होगा?

यदि संभव हो, तो स्कूल परीक्षा के दिन अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के लिए अपने परीक्षा कार्यक्रम के दौरान किसी अन्य समय में छूटी हुई परीक्षाओं को पूरा करने के लिए व्यवस्था कर सकते हैं। विद्यार्थियों को शुक्रवार 22 मई 2020 के बाद NAPLAN ऑनलाइन परीक्षा देने की अनुमति नहीं है।

## NAPLAN ऑनलाइन 2020 समय तालिका

पेपर-आधारित परीक्षा के लिए अनुमत तीन दिनों के बजाए NAPLAN ऑनलाइन के लिए आकलन की समयावधि नौ दिन है। यह स्कूलों को परीक्षाओं की व्यवस्था करने में स्वतंत्रता देने के लिए और संभावित रूप से कम उपकरणों वाले स्कूलों को भी शामिल करने के लिए है।

NAPLAN ऑनलाइन के लिए आकलन की समयावधि मंगलवार 12 मई से लेकर शुक्रवार 22 मई 2020 तक है।

नीचे दी गई तालिका में ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए समय-व्यवस्था आवश्यकताएँ दी गई हैं।

## मेरे बच्चे/मेरी बच्ची की उपलब्धि को कैसे इंगित किया जाता है?

प्रत्येक आकलन के लिए हरेक विद्यार्थी की व्यक्तिगत उपलब्धि को एक राष्ट्रीय उपलब्धि पैमाने (national achievement scale) पर इंगित किया जाता है। राष्ट्रीय न्यूनतम मानक (national minimum standard) का परिणाम यह इंगित करता है कि विद्यार्थी ने उस वर्ष के स्तर में पूरी तरह से भाग लेने के लिए आवश्यक आधारभूत साक्षरता और आँकिक कुशलताएँ प्रदर्शित की हैं।

वर्ष के अंत में आपके बच्चे/आपकी बच्ची के स्कूल द्वारा व्यक्तिपरक विद्यार्थी NAPLAN रिपोर्ट निर्गत की जाएगी। यदि आपको रिपोर्ट नहीं मिलती है, तो आपको अपने बच्चे के स्कूल से संपर्क करना चाहिए।

## NAPLAN परिणामों का उपयोग कैसे किया जाता है?

- विद्यार्थी और माता-पिता शिक्षकगणों के साथ प्रगति के बारे में चर्चा करने के लिए व्यक्तिपरक परिणामों का उपयोग कर सकते हैं।
- शिक्षकगण परिणामों का उपयोग करके और अधिक चुनौतियों या अतिरिक्त सहायता से लाभ प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की पहचान बेहतर तरीके से कर सकते हैं।
- स्कूल परिणामों का उपयोग करके अपने शिक्षण कार्यक्रमों में प्रबलता के क्षेत्रों और सुधारों की पहचान कर सकते हैं तथा साक्षरता और आँकिकता-संबंधी लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं।
- स्कूल प्रणालियाँ परिणामों का उपयोग करके कार्यक्रमों और स्कूलों को उपलब्ध कराए जाने वाले समर्थनों की समीक्षा करती हैं।
- समुदाय के सदस्य वेबसाइट myschool.edu.au पर औसत स्कूल NAPLAN परिणाम देख सकते हैं।

## मुझे और अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त हो सकती है?

NAPLAN के बारे में और अधिक जानकारी के लिए:

- अपने बच्चे के स्कूल से संपर्क करें
- वेबसाइट nap.edu.au/TAA पर अपने स्थानीय परीक्षा प्रशासन प्राधिकरण से संपर्क करें
- वेबसाइट nap.edu.au पर जाएँ

ACARA NAPLAN के लिए व्यक्तिगत विवरण का उपयोग किस प्रकार करता है, इसके बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए वेबसाइट nap.edu.au/naplanprivacy पर जाएँ।

| परीक्षा | समय-व्यवस्था आवश्यकताएँ | अवधि | परीक्षाओं का विवरण |
|---|---|---|---|
| **लेखन** | वर्ष 3 के विद्यार्थी पेपर-आधारित लेखन परीक्षा देते हैं (केवल पहले दिन)<br><br>वर्ष 5 की परीक्षाएँ पहले दिन से आरंभ होनी चाहिए (समय-व्यवस्था करते समय स्कूलों को पहले और दूसरे दिन में लेखन परीक्षाओं को पूरा करने के लिए वरीयता देनी चाहिए)<br><br>वर्ष 7 और 9 की परीक्षाएँ दूसरे दिन से आरंभ होनी चाहिए (समय-व्यवस्था करते समय स्कूलों को दूसरे और तीसरे दिन में लेखन परीक्षाओं को पूरा करने के लिए वरीयता देनी चाहिए) | वर्ष 3: 40 मिनट।<br>वर्ष 5: 42 मिनट।<br>वर्ष 7: 42 मिनट।<br>वर्ष 9: 42 मिनट। | विद्यार्थियों को 'लेखन प्रोत्साहन' दिया जाता है (एक विचार या विषय - जिसे कभी-कभी 'prompt' कहा जाता है) और एक विशेष शैली (genre) [कथनात्मक (narrative) या उत्प्रेरक लेखन (persuasive writing)] में उत्तर लिखने के लिए निर्देश दिया जाता है |
| **पठन** | यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऑनलाइन स्कूल NAPLAN परीक्षाओं को नौ दिनों की समयावधि के अंदर पूरा कर सकें, वर्ष 7 और 9 के विद्यार्थी पहले दिन पठन परीक्षा आरंभ कर सकते हैं; परंतु, लेखन परीक्षा दूसरे दिन से आरंभ होनी चाहिए क्योंकि लेखन परीक्षा को पहले दिन की पुन:आयोजित पठन परीक्षाओं की तुलना में वरीयता दी जाती है<br><br>भाषा-संबंधी प्रथाएँ की परीक्षा से **पहले** पूरी की जानी चाहिए | वर्ष 3: 45 मिनट।<br>वर्ष 5: 50 मिनट।<br>वर्ष 7: 65 मिनट।<br>वर्ष 9: 65 मिनट। | विद्यार्थी सूचनात्मक (informative), कल्पनात्पक (imaginative) और उत्प्रेरक (persuasive) पाठों को पढ़कर इनसे संबंधित प्रश्नों के उत्तर देते हैं |
| **भाषा-संबंधी प्रथाएँ** | पठन परीक्षा के **बाद** पूरी की जानी चाहिए | वर्ष 3: 45 मिनट।<br>वर्ष 5: 45 मिनट।<br>वर्ष 7: 45 मिनट।<br>वर्ष 9: 45 मिनट। | यह परीक्षा वर्तनी (spelling), व्याकरण (grammar) और विराम-चिह्नों (punctuation) का आकलन करती है |
| **आँकिकता** | भाषा-संबंधी प्रथाएँ की परीक्षा के **बाद** पूरी की जानी चाहिए | वर्ष 3: 45 मिनट।<br>वर्ष 5: 50 मिनट।<br>वर्ष 7: 65 मिनट।<br>वर्ष 9: 65 मिनट। | यह परीक्षा सँख्याओं (number) और बीजगणित (algebra), मापन (measurement) और ज्यामिति (geometry), तथा साँख्यिकी (statistics) और प्रायिकता (probability) के ज्ञान का आकलन करती है |